# राष्ट्रीय फेलोशिप से 55 सम्मानित

## आइआइएम रांची ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय फेलोशिप के सफल समापन पर मनाया जश्न

जासं, रांची : आइआइएम रांची ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय फेलोशिप कार्यक्रम के प्रमाणन समारोह में 55 से अधिक फेलो की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने स्नातक अध्येताओं को सार्वजनिक नीति प्रबंधन का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

उन्होंने भविष्य के नीति नेताओं के रूप में एमजीएनएफ फेलो की महत्वपूर्ण भूमिका की जानकारी दी। प्रबंधन विशेषज्ञता और सार्वजनिक नीति में जिला-विस्तृत अंतर्दृष्टि पर जोर दिया और कहा कि यह देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की शुरुआत एमजीएनएफ के सभी नौ शैक्षणिक भागीदारों को जोड़ने वाली सभा के साथ हुई।




महात्मा गांधी राष्ट्रीय फेलोशिप कार्यक्रम में आइएमए के विद्यार्थी व अन्य • जागरण

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी और उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति ने मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कार्य के प्रति सजगता पर पर बल दिया। समारोह में एमजीएनएफ रिपोर्ट का अनावरण भी हुआ। विशिष्ट मुख्य भाषण शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा दिया गया। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार नीलांबुज शरण ने एमजीएनएफ फेलो के सामूहिक प्रयासों और समर्पण और राष्ट्रीय विकास के मिशन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान एमजीएनएफ कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. गौरव मनोहर मराठे, निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार बाला, प्रो. अमित सचान, प्रो. तनुश्री दत्ता और प्रो. रोजर्स पी. जोसेफ के साथ उपस्थित रहे।

Dainik Jagran, 01.11.2023, Pg.8